Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to establish an AIIMS in Itaki, Ranchi, Jharkhand-laid.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): जैसा कि सर्वविदित है, आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार देश में निरन्तर चिकित्सा के क्षेत्र में प्रगति की ओर अग्रसर है I इसी श्रंखला में देशभर के विभिन्न राज्यों में 13 AIIMS स्थापित करने की कल्याणकारी घोषणा की गई थी I इसी निमित्त झारखण्ड राज्य में AIIMS, देवघर देने के लिए आपका हृदय से अभिनन्दन है I

मैं सरकार का ध्यान झारखण्ड राज्य मध्य भाग,अर्थात रांची की आकर्षित करना चाहता हूँ I आप जानते ही हैं, झारखण्ड राज्य में चिकित्सा सुविधाएँ बहुत अच्छी नहीं हैं,यहाँ से अधिकांश रोगी समुचित इलाज हेतु आज भी, वेल्लोर,तमिलनाडु,दिल्ली,कोलकता व मुंबई इत्यादि महानगरों पर निर्भर हैं I अतः सम्पूर्ण झारखण्ड में समान व समुचित स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें, इस पत्र के माध्यम से झारखण्ड राज्य में रांची अथवा रांची के आसपास दूसरे AIIMS की स्थापना किये जाने की मांग रखना चाहता हूँ I

रांची स्थित सेंट इग्नेशियश टी.बी. सेनिटोरियम, इटकी में नए AIIMS के लिए पर्याप्त, उपयुक्त एवं समुचित स्थान हो सकता है I यहाँ AIIMS की स्थापना होने से झारखण्ड राज्य के उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर, पलामू व कोल्हान सहित सभी प्रमंडल लाभान्वित हो सकेंगे I राज्य के केंद्र व राज्य की राजधानी होने के कारण यहाँ पहुँचने में रोगियों को अधिक सुविधा होगी I अच्छे स्तर की स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में रह रहे, सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य वासियों को इसका बहुत लाभ मिल सकेगा, अन्य राज्यों पर हमारी निर्भरता भी कम होगी, उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं से जनता लाभान्वित हो सकेगी I

अतः मेरा विनम्र निवेदन है,कृपया उपरोक्त स्थिति के आलोक में झारखण्ड राज्य को एक और AIIMS देकर हम सभी को कृतार्थ करें, आपको स्मरण हो तो, इस सम्बन्ध में देशभर में सरकार द्वारा एक साथ हुए अखिल भारतीय

आयुर्विज्ञान संस्थानों की घोषणा के समय भी निवेदन किया गया था I अतः लोकहित में पुनः अनुरोध है, कृपया रांची के इटकी क्षेत्र में एक अतिरिक्त AIIMS की स्थापना करने हेतु, जनहित में मेरी मांग स्वीकार करें I